संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 25 दिसंबर, 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी; केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और उपसभापति, राज्य सभा श्री हरिवंश के नेतृत्व मे सांसदों ने आज पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष मे उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य और अन्य विशिष्टजन शामिल थे। लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी. मादी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजोनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

देश के प्रति की गई असाधारण सेवा के सम्मानस्वरूप संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में क्रमशः 19 दिसम्बर 1957 और 12 फरवरी 2019 को पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों का अनावरण किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणेपरांत) और अटल बिहारी वाजपेयी को 2015 मे सर्वोच्च नागरिक सम्मान ‘भारत रत्न ‘ से अलंकृत किया था।